NEW YORK STATE | Department of Health

**नाबालिग व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए तंबाकू और वेप विक्रेता आवश्यकताएं**

**न्यूयॉर्क राज्य तंबाकू नियंत्रण कानून (The New York State Tobacco Control Law) (न्यूयॉर्क राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून (New York State Public Health Law) अनुच्छेद 13-F) इन चीज़ों को प्रतिबंधित करता है:**

- किसी भी व्यक्ति को फ्लेवर वाले निकोटीन युक्त वेपर उत्पाद की बिक्री।
- 21 साल से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को तंबाकू और वेपर उत्पादों की बिक्री।

**उत्पादों में शामिल हैं:**

- सिगरेट, हर्बल सिगरेट, सिगार, खैनी, तंबाकू का चूरा, बीड़ी, गुटखा, शीशा और कोई भी अन्य तंबाकू उत्पाद
- रोलिंग पेपर और पाइप सहित धूम्रपान का सामान।
- निकोटीन की मौजूदगी के साथ या बगैर कोई भी वेप उत्पाद, जिसमें कोई भी रिफिल कार्ट्रिज या अन्य संघटक शामिल हैं

**आवश्यकताएं**

- तंबाकू और वेपर उत्पादों को बेचने के लिए विक्रेताओं के पास न्यूयॉर्क राज्य कर और वित्त विभाग (New York State Department of Taxation and Finance) से पंजीकरण के वैध प्रमाणपत्र होने चाहिए।
- 21 साल से कम आयु वाले किसी भी व्यक्ति को तंबाकू या वेप उत्पाद न बेचें।
- 25 साल से कम उम्र के दिखने वाले किसी भी व्यक्ति से उम्र का वैध साक्ष्य माँगें। उम्र का साक्ष्य एक वैध ड्राइवर्स लाइसेंस या फिर राज्य या अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा जारी किया गया गैर-ड्राइवर पहचान पत्र, यू.एस सेना का पहचान पत्र या वैध पासपोर्ट होना चाहिए। कॉलेज द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र स्वीकार्य नहीं हैं।
- फ्लेवर वाले वेप उत्पाद न बेचें।
- सभी तंबाकू और वेप उत्पादों को जहाँ केवल कर्मचारी पहुँच सकें ऐसे काउंटर के पीछे या तालाबंद कंटेनर में रखें।
- केवल स्मोक शॉप और अन्य तंबाकू के कारोबार, जो मुख्य तौर पर तंबाकू उत्पाद बेचते हैं, वे ही बीड़ी और गुटखा बेच सकते हैं।
- अपने ग्राहकों के लिए एक संकेत लगाएं जिसे वे स्पष्ट रूप से देख सकें और जिस पर लिखा हो:

  "21 साल से कम उम्र के लोगों को इन चीज़ों की बिक्री करना कानून द्वारा प्रतिबंधित है: सिगरेट, सिगार, खैनी, तंबाकू पाउडर, शीशा या अन्य तंबाकू उत्पाद, हर्बल सिगरेट, तरल निकोटीन, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, रोलिंग पेपर या धूम्रपान का सामान।"
- जो व्यवसाय बीड़ी और गुटखा बेचते हैं, उन्हें भी एक ऐसा संकेत लगाना होगा, जिस पर यह लिखा हो:

  "नाबालिग व्यक्तियों को बीड़ी की बिक्री करना कानून द्वारा प्रतिबंधित है।" और "नाबालिग व्यक्तियों को गुटखा की बिक्री करना कानून द्वारा प्रतिबंधित है।"
- सभी सिगरेट निर्माता की मूल पैकेजिंग में बेचे जाने चाहिए।

- आप यह नहीं बेच सकते हैं:
  - ◊ एकल सिगरेट, लूज़ी या सिंगल्स।
  - ◊ 20 से कम सिगरेट वाले पैकेज।
  - ◊ 0.6 औंस से कम तंबाकू वाले रोल-यॉर ऑन टॉबेको के पैकेज।
  - ◊ 20 से कम आइटम वाले सिगरेट रैपिंग पेपर, रैपिंग लीव्ज़ या ट्यूब वाले पैकेज।
- किसी स्कूल से 1,500 फुट के भीतर (न्यूयॉर्क शहर में 500 फुट के भीतर) दुकान के सामने वाले हिस्से में दिखाई दे ऐसे तंबाकू और वेप उत्पादों से जुड़ा सामान या विज्ञापन प्रदर्शित न करें।
- तंबाकू या वेप उत्पाद मुफ्त न बाँटें।
- किसी तंबाकू या वेप उत्पाद की सूची में वर्णित कीमत से कम कीमत लेने वाला कूपन, वाउचर, रिबेट या भुगतान का अन्य तरीका इस्तेमाल या स्वीकार न करें।
- फार्मेसियों और फार्मेसी वाली दुकानों के तंबाकू और वेप उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध है।
- व्यवसायों को तंबाकू, वेप और अन्य प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री को विनियमित करने वाले सभी स्थानीय कानूनों का अनुपालन करना होगा। ये कानून कम से कम न्यूयॉर्क राज्य के कानून जितने कड़े होने चाहिए।

## प्रवर्तन

एक प्रवर्तन अधिकारी तंबाकू और वेप उत्पाद बेचने वाले व्यवसायों का निरीक्षण करेगा। निरीक्षणों में ये शामिल हो सकता है:

- किसी नाबालिग व्यक्ति से तंबाकू, वेप या अन्य आयु-सीमित उत्पाद खरीदने का प्रयास करवाना
- जब 25 साल से कम आयु का दिखने वाला व्यक्ति उत्पाद खरीदने की कोशिश करे, तब उपयुक्त आयु साक्ष्य की जाँच की पुष्टि करना
- पैकेज के बाहर (खुले) सिगरेट खरीदने का प्रयास करना
- न्यूनतम पैकेज आकार आवश्यकताएं जाँचना
- तंबाकू, वेप और अन्य उम्र-प्रतिबंधित उत्पाद काउंटर के पीछे या कंटेनर में तालाबंद है, यह जाँचना
- फ्लेवर वाले वेप उत्पाद उपलब्ध नहीं है इसका सत्यापन करना
- व्यवसाय के पास राज्य के कर और वित्त विभाग से वर्तमान तंबाकू और वेप रजिस्ट्रेशन हैं इसकी पुष्टि करना
- सत्यापन करना कि निलंबित या रद्द किए गए रजिस्ट्रेशन वाला व्यवसाय तंबाकू या वेप उत्पाद नहीं बेच रहा है
- यह जाँचना कि बीड़ी या गुटखा केवल रजिस्टर किए हुए तंबाकू व्यवसायों द्वारा ही बेचे जाएं
- सत्यापन करना कि वैध संकेत दिखाई दें वैसे लगाए गए हैं
- सत्यापन करें कि स्कूल के 1,500 फुट में मौजूद कारोबार (न्यूयॉर्क शहर में 500 फुट) की दुकान के बाहर के हिस्सों में कोई तंबाकू/वेप उत्पाद संबंधित सामान या विज्ञापन न लगाए गए हों

## दंड, जुर्माने और उल्लंघन

- विनियमों का अनुपालन न करने वाले व्यवसायों पर जुर्माना लगाया जाएगा
- कारोबारों को 21 साल से कम आयु के व्यक्तियों को सीमित उत्पादों की बिक्री करने के लिए पॉइंट दिए जाएंगे
- तीन पॉइंट वाले कारोबारों का (के) तंबाकू और वेप उत्पाद बेचने का (के) रजिस्ट्रेशन और लॉटरी लाइसेंस (अगर लागू हो) एक साल के लिए निलंबित कर दिए जाएंगे।

- तीन साल के भीतर तंबाकू नियंत्रण कानून के चार उल्लंघनों वाले कारोबारों का तंबाकू और वेपर उत्पाद बेचने का (के) रजिस्ट्रेशन और लॉटरी लाइसेंस (अगर लागू होता है) एक साल तक रद्द कर दिए जाएंगे।
- सभी उल्लंघनों का प्रकाशन किया जाएगा
- बिना उपयुक्त रजिस्ट्रेशन के तंबाकू और वेप उत्पाद बेचने वाले कारोबारों की जांच के लिए न्यूयॉर्क राज्य कर और वित्त विभाग के कमीशनर को रिपोर्ट की जाएगी
- सभी पॉइंट हटा दिए जाएं तब तक हर साल कम से कम दो पुनर्निरीक्षण किए जाएंगे
- तीन साल के बाद या कारोबार के रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र के निलंबन के एक साल के बाद तीन तक पॉइंट हटाए जाते हैं

**उल्लंघन**

- पहला उल्लंघन: $300 से $1,500
- पहले उल्लंघन के बाद: $1,000 से $2,500
- जब विक्रेता के पास बिक्री के समय तंबाकू की बिक्री के प्रशिक्षण का वैध प्रमाणपत्र हो, तब 21 साल से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को उत्पाद बेचने के लिए **एक पॉइंट**
- जब विक्रेता के पास बिक्री के समय तंबाकू की बिक्री के प्रशिक्षण का वैध प्रमाणपत्र न हो, तब 21 साल से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को उत्पाद बेचने के लिए **दो पॉइंट**

**अन्य दंड और शुल्क:**

- प्रत्येक उल्लंघन के लिए $250 जुरमाना
- गैर-तंबाकू कारोबार में बीड़ी या गुटखा की बिक्री के लिए $500 तक
- फ्लेवर वाले वेप उत्पादों के प्रत्येक अलग पैकेज पर $100 तक
- आपके रजिस्ट्रेशन की स्थायी हानि और निलंबित या रद्द किए गए रजिस्ट्रेशन के साथ बेचने के लिए $2,500 उल्लंघन शुल्क

**अधिक जानकारी**

**न्यूयॉर्क सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून, अनुच्छेद 13-F:** www.nysenate.gov/legislation/laws/PBH/A13-F

**न्यूयॉर्क कर और वित्त:** www.tax.ny.gov/bus/cig/cigidx.htm

**संकेत:** www.health.ny.gov/prevention/tobacco_control/educational_materials.htm

**कर:** tax.ny.gov

**सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून, अनुच्छेद 13-F के बारे में प्रश्न**

**न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health)**
ईमेल: TobaccoEnforcement@health.ny.gov या फोन: (518) 402-7600

**तंबाकू और वेप रजिस्ट्रेशन आवश्यकताओं के बारे में प्रश्न**
**न्यूयॉर्क राज्य कर और वित्त विभाग**
Tax.ny.gov या (518) 457-5735